# देखो आया नन्द किशोर | by Pooja Golhani

सारी गोपियाँ करती हैं शोर
वो देखो आया नन्द किशोर
देखो आया नन्द किशोर
कभी माखन चुराके है खाया
कभी राधा के दिल को चुराया

दो माओं का प्यार है पाया
बचपन में तूने बहुत सताया
बातों में तेरी कैसा है जादू
झूठ को भी तूने सच है बनाया
कभी ग्वालो की मटकी है फोड़ी
कभी खेली है आँख मिचोली

पनघट से तू छिप कर ताके
बैठा तरु पर चीर चुराके
छिप छिप कर तू कंकर मारे
राधा को तू गौर से झांके
कभी बातों का तीर चलाया
कभी आँखों से तूने लुभाया

सुनकर बंसी मोह गए ग्वाला
राधा को भा गए नंदलाला
देखे बिना तो मन ना माने
मीरा पी गई विष का प्याला
श्याम राधा की जोड़ी है बन गई
मीरा कान्हा की धुन में है रम गई
सारी गोपिया.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96%e0%a5%8b-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6-%e0%a4%95%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a5%8b%e0%a4%b0-by-pooja-golhani/